卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 61 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦7 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ा एक्शन

## रूद्रपुर में मदरसा सोसाइटी के कब्जे मुक्त कराई आठ एकड़ सरकारी भूमि



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खेड़ा बस्ती में वर्षों से धार्मिक स्थल की आड़ में कब्जाई गई करीब 8 एकड़ भूमि को प्रशासन ने रविवार तड़के प्रशासन ने भारी लाव लस्कर के साथ अभियान चलाकर खाली करा दिया। प्रशासन ने बुल्डोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने के साथ ही खाली कराई गयी भूमि पर घेरबाड़ कर अपना बोर्ड भी लगा दिया। तड़के अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से इलाके में हडकम्प मचा रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे मुक्त कराने के अपने अभियान को तेज करते हुए रुद्रपुर के खेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा की हुई सरकारी जमीन को खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया था। भारी पुलिस फोर्स को लेकर एडीएम पंकज उपाध्याय के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध कब्जे की नाप जोख की ड्रोन सर्वे करवाने के बाद रविवर तड़के भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। इस दौरान पूरे इलाके में भारी फोर्स तैनात की गयी थी। भारी फोर्स के चलते कोई विरोध का साहस नहीं जुटा पाया। कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच प्रशासन ने कब्जाई गई सरकारी भूमि की दीवार ध्वस्त कर अपना कब्जा ले लिया । एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया (शेष पृष्ठ सात पर)





## रामनगर में वन भूमि से हटाया अतिक्रमण अवैध मदरसे और मस्जिद भी हटाये

रामनगर। पालिका क्षेत्र से सटी कोसी नदी किनारे रिजर्व फॉरेस्ट की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने का अभियान तड़के भारी लाव लस्कर के साथ शुरू किया गया। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देश पर कोसी नदी किनारे उक्त अतिक्रमण को हटाने के लिए पिछले कई महीनों से कवायद की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक



वन विभाग की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करके यहां मजार मस्जिद मदरसे तक बना डाले। इस क्षेत्र को पुछड़ी बस्ती बोला जाता है जब यहां सर्वे के लिए प्रशासन की टीम गई तो वो भी यहां के हालात देख कर हैरान हो गई। वन सरकारी भूमि के सौदे कैसे यहां भू माफिया कर रहे हैं,इस बात की जांच के लिए शासन ने एसआईटी गठित की जिसकी रिपोर्ट के बाद यहां से अतिक्रमण हटाने की कारवाई शुरू की गयी। तराई पश्चिमी वन प्रभाग की इस भूमि पर लंबे समय (शेष पृष्ठ सात पर)




# स्व. करतार देवी मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट धूमधाम से सम्पन्न





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल में स्वर्गीय करतार देवी अंतर-विद्यालयी बैडमिंटन चौंपियनशिप का समापन समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 18 स्कूलों से 200 से ज्यादा बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता- आरएएन पब्लिक स्कूल, प्रथम उप-विजेता होली चाइल्ड स्कूल एवं द्वितीय उप-विजेता-दिल्ली पब्लिक स्कूल रहा। होली चाइल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीमान मिन्टू दूबे जी ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बैडमिन्टन प्रतियोगिता के सिंगल्स में 13 वर्ष से कम आयु, बालिका वर्ग में आरएएन पब्लिक स्कूल, की सानवी ने प्रथम, आराध्या ने द्वितीय, मनरूप कौर (स्टोनरिज स्कूल) ने तृतीय तथा बालक वर्ग में प्रबल (स्टोनरिज स्कूल) ने प्रथम, जेसीज पब्लिक स्कूल के तनुज ने द्वितीय व भाविक ने तृतीय स्थान अर्जित किया। डबल्स में 13 वर्ष से कम आयु, बालिका वर्ग में सानवी और आराध्या (आरएएन पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, वैदेही और काव्या (होली चाइल्ड स्कूल) ने द्वितीय, सिद्धि और



अभिनीति (कैम्पस स्कूल, पन्तनगर) ने तृतीय तथा बालक वर्ग में एश्विक और आयुष्मान (जेसीज पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, पियूष और वंश (माउन्ट लिटेरा जी स्कूल) ने द्वितीय, तनुज और भाविक (जेसीज पब्लिक स्कूल) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। सिंगल्स में 15 वर्ष से कम आयु, बालिका वर्ग में आरएएन पब्लिक स्कूल की इताशा ने प्रथम, दिशा ने द्वितीय, मंशा (दिल्ली पब्लिक स्कूल) ने तृतीय तथा बालक वर्ग में प्रबल (स्टोनरिज स्कूल) ने प्रथम, रूद्राक्ष नारंग (होली चाइल्ड स्कूल) ने द्वितीय, अभिमन्यु (आरएएन पब्लिक स्कूल) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। डबल्स अण्डर 15 बालिका वर्ग में इताशा और दिशा (आरएएन पब्लिक स्कूल) ने प्रथम, वान्या और आराध्या (अमेनिटी पब्लिक स्कूल) ने द्वितीय, मंशा और तनरूप (दिल्ली पब्लिक स्कूल) ने तृतीय तथा बालक वर्ग में रूद्राक्ष नारंग और कार्तिक परिहार (होली चाइल्ड स्कूल) ने प्रथम, प्रबल और जतिन (स्टोनरिज स्कूल) ने द्वितीय, एश्विक और आयुष्मान (जेसीज पब्लिक स्कूल) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रध ानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, टूर्नामेंट के व्यवस्थापक श्री सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी. -फिजिकल एजूकेशन) स्पोर्ट्स अकॉदमी के क्षेत्रीय अधिकारी ने सभी विजेताओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सैकेनिया चौकी में तैनात एसएस आई सुरेश सिंह का हुआ आकस्मिक निधन

गदरपुर। थाना गदरपुर की सैकेनिया चौकी में तैनात एसएसआई सुरेश सिंह ढेक के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे पुलिस महकमे में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। ड्यूटी के प्रति हमेशा तत्पर और शांत स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले एसएसआई सुरेश सिंह ढेक असामयिक चले जाने से सहकर्मियों सहित पूरे क्षेत्र में दुख का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों तथा परिचितों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें



तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पुलिस विभाग ने उनके योगदान और समर्पण को याद करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है।

## कालाढूंगी में सार्वजनिक संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने पर सख्ती

कालाढूंगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर सार्वजनिक संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने और भूमि विवादों के त्वरित समाध ान के उद्देश्य से शनिवार को उपजिलाधि कारी कालाढूंगी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, पुलिस और नगर पालिका परिषद कालाढूंगी के अधि कारी शामिल रहे। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर उपखंड स्तरीय प्रवर्तन समिति का गठन किया गया है, जो विभिन्न



विभागों के समन्वय से भूमि विवादों के शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया को तेज करेगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित अतिक्रमण और भूमि विवादों के लंबित मामलों की रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि एक प्रभावी कार्ययोजना बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में यह भी बताया गया कि ग्राम आंवलाकोट क्षेत्र में 21 अतिक्रमण मामलों में नोटिस जारी किए जा चुके हैं, और सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है। एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को सार्वजनिक परिसंपत्तियों पर किए गए अतिक्रमणों के निवारण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सप्ताहिक कार्ययोजना के अनुसार नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधि कारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और सभी मामलों के निस्तारण में गति लाई जाए। बैठक में अधिशासी अधि कारी नगर पालिका परिषद कालाढूंगी, पुलिस उपनिरीक्षक तनवीर आलम, राजस्व निरीक्षक फैजान खान, राजस्व उपनिरीक्षक तारा चन्द्र घिल्डियाल, मनोज उप्रेती, इकबाल अहमद, आशुतोष चन्द, कमलेश पंत, हिमांशी आर्या, जीवन चन्द, हरीश गोस्वामी, अभय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सुशीला तिवारी अस्पताल के सभागार में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ जी. एस. तितियाल, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी,डॉ अरुण जोशी चिकित्सा अधीक्षक, डॉ ऋतु रखोलिया, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग, डॉ प्रमोद कुमार द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। डॉ ऋतु रखोलिया ने बताया कि प्रध ानमंत्री द्वारा देश मै नवजात मृत्यु दर को



2030 तक एक अंक तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि लगभग 25;30 प्रतिशत नवजात शिशु कि मृत्यु पैदा होने पर सास न ले पाने अर्थात प्रसव कालीन स्वास अवरोध के कारण होती है। नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। माँ के पेट में ऑक्सीजन एवं अन्य खाद्य पदार्थ प्लेसेंटा द्वारा बच्चे को दिए जाते हैं। जब बच्चा गर्भाशय से बाहर दूसरे वातावरण में आता हैं तो पहले मिनट में बच्चे का सास लेना अति आवश्यक हैं। पहले मिनट मै बच्चे के सास न लेने पर बच्चे के मस्तिष्क मै ऑक्सीजन की कमी हो जाती हैं, जिससे बच्चे के मस्तिष्क एवं हृदय को नुकसान पहुंचता हैं एवं बच्चा गम्भीर स्थिति मै आ जाता हैं। पहले मिनट मै बच्चे का रोना (सास लेना) अति आवश्यक हैं। गर्भावस्था के दौरान गर्भ जल का कम होना, ज्यादा होना, एवं गर्भवती महिला को अत्यधिक रक्त स्राव होने पर नवजात शिशु को सास लेने मै कठिनाई आ सकती हैं। ऐसे नवजात शिशुओं को नवजात पुनर्जीवन तकनीक से बचाया जा सकता हैं। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ ऋतु रखोलिया के अलावा डॉ बिंदु , डॉ पूजा, डॉ साक्षी, डॉ नूतन एवं 32 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## भतरौंजखान में गांजे के साथ गदरपुर का युवक गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान भतरौंजखान पुलिस ने रामनगर मार्ग के पास से पास एक युवक को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 13.18 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भतरौंजखान थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में टीम गस्त पर थी। इस दौरान क्षेत्र के रामनगर मार्ग पर रिगंडिया के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। तलाशी लेने पर आरोपी फरयाद




पुत्र हबीव अहमद, निवासी करतापुर रोड गदरपुर, थाना गदरपुर ऊधमसिंहनगर के कब्जे से 13.18 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की कीमत दो लाख 93 हजार रुपये से अधिक आंकी गई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम में हेड कांस्टेबल आनन्द त्रिपाठी, उपेन्द्र कुमार, श्रवण सैनी शामिल रहे।

## रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट पटियाला में सम्मानित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के वरिष्ठ रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक पटियाला की ओर से सम्मानित किया गया। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें लोक कला साधक सम्मान के साथ ढाई लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया। रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट बीते 40 साल से उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करते आ रहे है। इससे पहले भी उनको कई लोक कला सम्मान से नवाजा गया है। वह उत्तराखंड के ऐसे पहले लोक कलाकार है, जिनको लोक कला साधक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। उन्होंने यह पुरस्कार अपनी माता को समर्पित किया। जिनका इसी वर्ष सितंबर माह में निधन हो गया था। बिष्ट को सम्मान मिलने पर विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, विनीत बिष्ट, रवि चौहान, नीरज चौहान समेत कई लोगों ने खुशी जताई।



## व्यापार मण्डल कैंची धाम के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जिला नैनीताल की नगर इकाई श्री कैंची धाम के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्यमंत्री नवीन वर्मा द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष धीरज तिवाड़ी एवं महामंत्री पवन भट्ट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने उपाध्यक्ष रोहित बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष



सिद्धार्थ तिवाड़ी, सचिव वीरेंद्र सिंह मेहरा, संगठन मंत्री जितेंद्र किरौला एवं हरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रचार मंत्री भुवन कुमार एवं हितेश सिंह खनायत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के हित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सभी का आभार प्रकट किया।

# बागेश्वर को पर्यटन के अग्रणी केंद्र के रूप में विकसित करेगी सरकार : धामी

## बागेश्वर में सीएम ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास, बाबा बागनाथ मंदिर में की पूजा








बागेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने बागेश्वर दौरे के दूसरे दिन रविवार सुबह सरयू नदी के किनारे पहुंचकर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। सीएम धामी ने सरयू तट पर मौजूद स्थानीय लोगों से भी बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर सीधा फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद बागनाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की। पूजा के बाद मीडिया से संक्षिप्त वार्ता में उन्होंने कहा कि बागेश्वर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। सरयू नदी का प्रवाह, पिंडारी ग्लेशियर की भव्यता और बागनाथ मंदिर की आस्था इन सबके कारण यह क्षेत्र आध्यात्मिक पर्यटन के लिए विशेष पहचान रखता है। सीएम धामी ने कहा कि सरकार बागेश्वर को पर्यटन के अग्रणी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें धार्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन, कीवी उत्पादन, मत्स्य पालन और महिला समूहों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जिले की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, जिन्हें राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। सुबह के कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री इनडोर स्टेडियम भी पहुंचे, जहां उन्होंने युवा खिलाड़ियों से संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। सीएम ने बैडमिंटन कोर्ट में रैकेट थामकर खिलाड़ियों के साथ कुछ देर अभ्यास भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की युवा पीढ़ी खेलों में नई ऊंचाइयों को छू रही है और राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नगर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री धामी आम लोगों के बीच पहुंचे, दुकानदारों से बातचीत की और स्थानीय माहौल तथा बाजार व्यवस्था का भी फीडबैक लिया। इसी दौरान उन्होंने बागेश्वर की प्रसिद्ध जलेबी का स्वाद लिया और जलेबी विक्रेताओं से उनके कारोबार की स्थिति के बारे में पूछा। दोपहर में मुख्यमंत्री कपकोट के केदारेश्वर मैदान पहुंचे, जहां आयोजित विशाल जनसभा में उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए अनेक घोषणाएं कीं और कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। सभा स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने उत्साहपूर्ण माहौल बना दिया। सभा के उपरांत मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग से संबंधित विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय शिल्पकारों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और पारंपरिक कारीगरी को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिल्पकारों ने भी सरकार द्वारा दी जा रही सहायता के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# खाली करायी जमीन पर बनेगा इंटर कालेज : विकास

## बोले मेयर: धामी राज में नहीं चलेगा लैंड जिहाद, जारी रहेगी अतिक्रमण पर कार्यवाही

रूद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि खेड़ा बस्ती में धार्मिक स्थल की आड़ में कब्जाई गई करोड़ों रूपये की जमीन को आज नगर निगम ने कब्जे में लेकर लैंड जिहाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण और लैंड जिहाद के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उक्त भूमि पर इंटर कालेज का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने साफ संदेश दे दिया है कि धार्मिक स्थलों की आड़ में सरकारी भूमि पर किया गया कोई भी अतिक्रमण अब नहीं चलेगा। उन्होंने बताया कि खेड़ा बस्ती में धार्मिक स्थल के लिए लगभग दो एकड़ भूमि पूर्व में आवंटित की गई थी, लेकिन समय के साथ उसकी आड़ में दायरा बढ़ाकर करीब आठ एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। नगर निगम और प्राधिकरण की टीमों ने हाल ही में इस पूरी भूमि का सर्वे कराया, जिसमें आठ एकड़ क्षेत्र पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई। रविवार को निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई ने न केवल इस कब्जे को हटाया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया



कि धामी सरकार में इस तरह की गतिविधियों को किसी भी स्तर पर संरक्षण नहीं मिलने वाला। महापौर शर्मा ने कहा कि खाली कराई गयी भूमि का उपयोग व्यापक जनहित में किया जायेगा। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नेतृत्व आज पूरे प्रदेश में कानून का शासन स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में लैंड जिहाद और अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार और प्रभावी कार्रवाई हो रही है। सरकारी भूमि को बचाने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के चलते अब तक पूरे प्रदेश में 550 से अधिक अवैध संरचनाओं को चिह्नित कर हटाया जा चुका है, जबकि 10,000 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को पुन: कब्जामुक्त किया गया है। यही नहीं, बिना अनुमति संचालित हो रहे 250 से अधिक गैर-कानूनी मदरसों को भी धामी सरकार ने सील कर सख्त संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार का गैर-कानूनी गतिविधि या डेमोग्राफिक बदलाव की कोशिशें राज्य में स्वीकार्य नहीं होंगी। रूद्रपुर में हुई आज की यह कार्रवाई न सिर्फ कानून के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है, बल्कि उन सभी के लिए चेतावनी भी है जो धार्मिक या सामाजिक आवरण में सरकारी भूमि पर अनुचित कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी मुहिम आगे और तेज होगी। किसी भी तरह के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आवश्यक होने पर इसी तरह की संयुक्त कार्रवाइयाँ लगातार जारी रहेंगी। महापौर ने कहा कि धामी सरकार का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है-राज्य की भूमि राज्य की है और उसका दुरुपयोग किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

# दिल्ली में महारैली को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने बनाई रणनीति

किच्छा(उद संवाददाता)। आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में माननीय राहुल गांधी जी के नेतृत्व में आयोजित "महारैली" की तैयारियों को लेकर आज किच्छा नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक का संचालन विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने किया। बैठक में रैली में अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत रणनीति तैयार की गई। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा कि देश वर्तमान में भाजपा की तानाशाही प्रवृत्ति से जूझ रहा है। भाजपा ने सत्ता प्राप्त करने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता किया है तथा जनता उनकी देश-विरोधी नीतियों से अत्यंत त्रस्त है। उन्होंने कहा कि



इन जनविरोधी नीतियों को उजागर करने और जनता की आवाज बुलंद करने हेतु माननीय राहुल गांधी जी द्वारा यह महारैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचकर रैली को सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष किन्नू शुक्ला, मेजर सिंह, ओमप्रकाश, दुआ, सुनीता कश्यप, दानिश मलिक, दिलीप सिंह बिष्ट रेखा यादव लियाकत अंसारी दिलीप सिंह सभासद दानिश उर्फ सोनू नजाकत शरीफ हाजी ए न्यू खान फिरदोष सलमानी सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला को विदेश भेजने के नाम पर 17.50 लाख की ठगी

सितारगंज(उद संवाददाता)। महिला को विदेश भेजने के नाम पर पिता, पुत्र और पुत्रवधू समेत पांच लोगों ने मिलकर 17 लाख 50 हजार की धनराशि हड़प ली। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पंडरी निवासी अमन जहां पुत्री रिजवान अली ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम उड़ला थाना अमरिया निवासी करणदीप सिंह पुत्र गुरतेज सिंह ने नगर के एचडीएफसी बैंक राम श्याम इंडस्ट्रीज के पास केडी इमिग्रेशन के नाम से ऑफिस खोल रखा था। आरोपी करणदीप सिंह लोगों को विदेश भेजने का झांसा देता था। पीड़ित महिला विदेश जाने के संबंध में करणदीप सिंह से मिली। इसके बाद महिला ने विभिन्न तरीकों में 1750000 चेक और नगद से आरोपी को यूके भेजने के लिए दे दिए। लेकिन आरोपी ने उसे यूके की जगह तुर्की भेज दिया। तुर्की पहुंचने पर उसे अत्यंत संकट का सामना करना पड़ा और वहां जेल जाने की स्थिति उत्पन्न हो गई। खुद के खर्चे पर पीड़ित महिला तुर्की से भारत आ सकी। जब उसने आरोपी करणदीप सिंह से बात की तो वह पैसे वापस करने की जगह उसे धमकाने लगा। पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी करनदीप सिंह की फर्म केडी इमीग्रेशन उसकी पत्नी इकनीत कौर, पार्टनर अभय सिंह, इंद्रजीत कौर बल मिलकर चलाते थे। उसने इंद्रजीत कौर से पैसे मांगे तब वह झूठे केस में फसाने की धमकी देने लगी। आरोपी दीप सिंह भी उसे धमकी दे रहा था और राजनीतिक लोगों से पहचान होने का दावा कर डरा रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि कर्णदीप के पिता गुरतेज सिंह भी कबूतर बाजी के इस ग्रुप में शामिल हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर करणदीप सिंह, इकनीत कौर, अभय सिंह, इंद्रजीत कौर और गुरतेज सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चोरी के 14 गैस सिलेंडरों सहित दो गिरफ्तार

गदरपुर। थाना गदरपुर पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राम रामकोट निवासी सरन पाल के घर से सिलेंडर चोरी होने पर मुकदमा रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में कांस्टेबल सुरेंद्र रावत और उमेश जोशी ने 6 दिसंबर को चेकिंग के दौरान अखिल घरामी और सुखदेव घरामी को एक सिलेंडर और चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित पकड़ा। दोनों की निशानदेही पर दिनेशपुर और आसपास के क्षेत्रों से चोरी किए गए 13 और गैस सिलेंडर बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# वार्षिकोत्सव की सफलता पर चंदोला ने जताया आभार

रुद्रपुर। चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल तथा वसुंधरा नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर कालेज के एमडी डा. केसी चंदौला ने सभी का आभार व्यक्त किया है। डा. केसी चंदौला ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन सफल हो पाया।



उन्होने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, अभिभावकों छात्र छात्राओं के साथ ही मीडिया का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय आयोजन भव्य रहा। कलाकारों ने वार्षिकोत्सव में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर इसे यादगार बना दिया। डा. चंदौला ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभाओ को मंच मिलता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और नए अवसर भी प्रदान करता है। डा. चंदौला ने बताया कि साल 2002 में इस संस्थान की नींव नैनीताल में रखी गयी थी बाद में सस्थान को रूद्रपुर में स्थानांतरित किया गया तब से लेकर आज तक यह कालेज निरंतर प्रगति विकास और सेवा के पथ पर अग्रसर है। 23 वर्षों की यात्रा में कालेज ने चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। कालेज को चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

# काशीपुर में कोई भी नि:शुल्क सार्वजनिक शौचालय नहीं

## सुलभ इंटरनैशनल द्वारा संचालित स: शुल्क 11 सुलभ शौचालय

काशीपुर। उत्तराखंड में पांचवें सबसे अधिक आबादी वाले नगर काशीपुर में कोई भी नि:शुल्क सार्वजनिक शौचालय व मूत्रालय (पेशाबघर) नहीं है। नगर में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित 11 सुलभ शौचालय है जिसमें केवल 31 सीटें हैं। इन पर शौच हेतु रू.7 शुल्क वसूला जाता हैं। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को नगर निगम के लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ हैं।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने नगर निगम काशीपुर के लोक सूचना अधिकार से नि:शुल्क शौचालय तथा मूत्रालयों तथा स:शुल्क शौचालयों व मूत्रालयों की सूचना चाही गयी है। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/सहायक नगर आयुक्त काशीपुर ने अपने पत्रांक 946 दिनांक 20-11-2025 से सूचना उपलब्ध करायी गयी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार काशीपुर नगर क्षेत्र में नि:शुल्क शौचालय व मूत्रालयों की संख्या शून्य हैं। स:शुल्क शौचालयों में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस आर्गनाइजेशन द्वारा संचालित 11 सार्वजनिक शौचालय है जिसमें कुल 31 सीटें उपलब्ध हैं। इसके लिये उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा पंत्रांक 79 दिनांक 4 अप्रैल 2024 से शुल्क नियत किया गया है। यह सेवा शुल्क शौच हेतु सात रूपये तथा स्नान हेतु 10 रू. है। काशीपुर नगर क्षेत्र में स्थित स:शुल्क सुलभ शौचालयों में 5-5 सीट के सुलभ शौचालय काशीपुर तहसील, टांडा तिराहा तथा जसपुर प्राइवेट बस अड्डे पर स्थित है जबकि 2-2 सीटों के सुलभ शौचालय जी.जी.आई.सी, स्टेडियम, डिजाइन सेंटर, काशीपुर रोडवेज, नगर निगम गेट, पन्त पार्क, पुरानी सब्जी मण्डी, जी.जी.आई.सी वार्ड 19 पर स्थित है। नगर निगम सफाई एम्बेसडर, सूचना अधिकार कार्यकर्ता तथा माकाक्स अध्यक्ष नदीम उद्दीन एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र को गंदगी से मुक्त रखने के लिये नगर के प्रत्येक क्षेत्र में नि:शुल्क शौचालयों की व्यवस्था की जानी चाहिये। इनके अभाव में बाजार की गलियों में मूत्र की बदबू के कारण निकलना तथा वहां के निवासियों का रहना दूभर हो गया है। यह स्पष्टत: उनके जीवन के अधिकार जिसमें स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार भी शामिल है का खुला उल्लंघन है। नगर निगम अधिनियम की धारा 114(5) के अन्तर्गत सार्वजनिक शौचालयों व मूत्रालयों की स्थापना तथा रख रखाव नगर निगम का अनिवार्य कार्य हैं। इससे केवल सुलभ इंटरनैशनल के रख रखाव वाले कुछ शौचालयों के आधार पर नगर निगम अपने कर्तव्य व दायित्वों की इतिश्री नहीं कर सकता है।

# कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के विवादित बयान पर सिख समाज में भारी रोष





उधम सिंह नगर। कांग्रेस नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिख समाज को लेकर कथित रूप से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जनपद भर में उबाल है। विभिन्न संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों ने उनके बयान की कड़ी निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को रुद्रपुर,काशीपुर, जसपुर, नानकमत्ता और सितारगंज सहित कई शहरों में सिख समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने रावत का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हुए इन विरोध प्रदर्शनों से साफ है कि हरक सिंह रावत के बयान को लेकर सिख समाज बेहद आहत है। अब सबकी नजरें कांग्रेस नेतृत्व पर हैं कि वह इस मुद्दे पर क्या कदम उठाता है। **रुद्रपुर।** कांग्रेस नेता व कांग्रेस कैंपेन कमेटी 2027 के अध्यक्ष हरक सिंह रावत द्वारा सिख समाज पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में पूरे प्रदेश में भारी आक्रोश फैल गया है। रुद्रपुर में भी गुरुद्वारा सिंह सभा व सिख समाज द्वारा मुख्य बाजार स्थित बाटा चौक पर उनका पुतला दहन किया गया। जहां बड़ी संख्या में सिख समुदाय और सामाजिक संगठनों के लोग जमा हुए और हरक सिंह रावत के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। कांग्रेस नेता के इस बयान से न सिर्फ रुद्रपुर बल्कि पूरे उत्तराखंड और देशभर में सिख समाज में गहरा रोष देखा जा रहा है। लोगों ने स्पष्ट कहा कि यह टिप्पणी सिर्फ सिख समाज ही नहीं, बल्कि उनकी शौर्य, बलिदान और देशभक्ति की भावना का अपमान है। पुतला दहन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कहा कि सिख समुदाय त्याग, बलिदान और देशप्रेम की अमर मिसाल है। ऐसे महान समाज के प्रति कांग्रेस नेता का यह बयान उनकी घटिया मानसिकता और मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। विधायक अरोरा ने कहा कि जिस कांग्रेस नेता को चुनाव कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है, वही सिख समाज के प्रति इस तरह की अपमानजनक भाषा का प्रयोग करेगा, यह शर्मनाक है। यह कांग्रेस की सोच को भी उजागर करता है। हरक सिंह रावत का बयान किसी भी रूप में क्षम्य नहीं है, उनकी गिरफ्तारी अवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरक सिंह दूसरों को अपनी वाणी पर संयम रखने की नसीहत देते हैं, जबकि खुद अपनी जुबान पर नियंत्रण नहीं रख पाते। उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि सिख समाज का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देवभूमि व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने भी हरक सिंह के बयान की घोर निंदा की और कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें तत्काल बर्खास्त करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो सिख समाज 2027 में कांग्रेस को इसका करारा जवाब देगा। हरक सिंह की गिरफ्तारी तक पूरे उत्तराखंड में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। सिटी क्लब के निदेशक सुखदेव भल्ला ने कहा कि सिख इतिहास त्याग और बलिदान की अमर गाथा है। ऐसे समाज का अपमान किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ माफी से नहीं मानेंगे, गिरफ्तारी के बिना आंदोलन शांत नहीं होगा। देहरादून तक बड़े स्तर पर प्रदर्शन होंगे। पुतला दहन के दौरान गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष गुरमीत बठला, रेशम सिंह, हरजीत सिंह, मंजीत मक्कड़, प्रीतपाल सिंह, सुखदेव भल्ला, अमरीक सिंह, किरन विर्क, हरबिंद्र सिंह, बिट्टू कालड़ा, अरविंद चीमा, गुरबाज दुमरा, जरनेल सिंह, प्रीत ग्रोवर, राजेश बजाज, राजेश कामरा, मोहित चड्ढा, मनोज मदान, जीतेन्द्र संधू, मयंक कक्कड़ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। **गदरपुर।** भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हरक सिंह रावत का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री ने सिख समाज के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। शनिवार को मुख्य बाजार में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत का पुतला फूंक कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। भाजपा नेता गुंजन सुखीजा ने आरोप लगाया कि सिख पंथ,परंपरा और आस्था का मजाक उड़ाना अब कांग्रेस की आदत बनती जा रही है। हरक सिंह का बयान इसी मानसिकता की ताजा उदाहरण है। रावत का बयान सिख समुदाय की शौर्य गाथा और बलिदान को ठेस पहुंचाता है। इस मौके पर काफी संख्या में बीजेपी कार्यकता मौजूद रहे।

**नानकमत्ता।** नानकमत्ता में गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सख्त नाराज दिखाई दी। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी, नानकमत्ता साहिब की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से रावत के बयान की निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि सिख गुरुओं की शिक्षाएं हमेशा समाज को जोड़ने, सेवा, मर्यादा और सम्मान पर आधारित रही हैं। ऐसे में किसी भी जिम्मेदार नेता द्वारा इस तरह की टिप्पणी सिख समाज की भावना को ठेस पहुंचाने वाली है। कमेटी ने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि हरक सिंह रावत को पार्टी से निष्कासित किया जाए और सिख समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए। बैठक में महासचिव अमरजीत सिंह, सचिव हरभजन सिंह, सुखवंत सिंह पन्नू, अमरजीत सिंह बेदी, गुरबाज सिंह, गुरवंत सिंह, प्रकाश सिंह, प्रभशरण सिंह, दविंदर सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। उधर नानकमत्ता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुतला फूंककर विरोध जताया। प्रदर्शन में भाजपा एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, नपं अध्यक्ष प्रेम सिंह दुरना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**सितारगंज।** सितारगंज में भी विरोध का दौर जारी रहा। नगर के मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रावत के बयान को सिख समाज का अपमान बताते हुए पुतला दहन किया। वक्ताओं का कहना था कि देश की रक्षा, समाज सेवा और बलिदान की लंबी परंपरा रखने वाले सिख समाज पर की गई टिप्पणी किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा पैदा करते हैं। यहां सुखबीर सिंह बेदी, इकबाल सिंह लाडी, शिवचरण जिंदल, गुरदीप सिंह चौहान, विजय सलूजा, निर्मल सिंह, जगजीत सिंह, रमेश बाबा, सचिन गंगवार, अमित रस्तोगी, नवीन भट्ट और भोला जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

**काशीपुर।** सिख समाज के लोगों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए नगर के प्रमुख मार्ग पर रावत का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रावत का बयान सिखों की गौरवमयी परंपरा, शौर्य और बलिदानों का अपमान है। इसके पश्चात प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हरक सिंह रावत के खिलाफ कठोर कार्रवाई और सार्वजनिक माफी की मांग की। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, मनोज पाल, गुरविंदर सिंह चंडोक, जगजीत सिंह कोहली, छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा, ईश्वर गुप्ता, दिलप्रीत सिंह सेठी और अन्य लोग मौजूद रहे।

**जसपुर।** जसपुर में भी आक्रोश उफान पर रहा। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष चौक पर रावत का पुतला दहन किया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह बयान न केवल सिख समाज बल्कि देश की एकता के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण और भड़काऊ है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस नेतृत्व ऐसे नेताओं पर तत्काल कार्रवाई करे। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, मंडल महामंत्री रवि मनी, विशाल कश्यप, अमित बग्गा, विनोद प्रजापति और महेश प्रजापति शामिल रहे।

# एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे भवनों को 31 दिसंबर तक करें ध्वस्त: डीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अपने कैम्प कार्यालय में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। जिलाधिकारी ने परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि यह प्रदेश की महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजना है, जिसके पूर्ण होने से कुमाऊँ मंडल में कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों में व्यापक वृद्धि होगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे विभागीय भवनों का ध्वस्तीकरण हर हाल में 31 दिसम्बर 2025 तक पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई विभाग स्वयं निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्रवाई नहीं करता है तो 01 जनवरी 2026 से बुलडोजर लगाकर अनिवार्य रूप से ध्वस्तीकरण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्माणाधीन पंतनगर थाना भवन की स्थिति की जानकारी ली। इस पर उपजिलाधिकारी रुद्रपुर ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा



अवशेष कार्य भी शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने थाना भवन को भी प्राथमिकता के आधार पर तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को एयरपोर्ट के विस्तारीकरण क्षेत्र में आने वाले पेड़ों के कटान कार्य में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने निदेशक, पंतनगर एयरपोर्ट को भी निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रुद्रपुर को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग, वन विभाग, एनएचएआई तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ एक संयुक्त टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण किया जाए तथा एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्य की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर पंतनगर विश्वविद्यालय के डैम बी.एस. चलाल तथा वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इतनी महत्वपूर्ण परियोजना की बैठकों में अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी भदौरिया ने समस्त विभागीय अधिकारियों से कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है ।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डीएफओ यू सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, पीडी एनएचएआई अंचल जिंदल आदि मौजूद रहे।


SAHAS Homeo

साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक

जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय

होम्योपैथिक फिजिशियन

बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग

अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस

बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना

साहस होम्यो क्लीनिक

निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# खेत से लौट रहे युवक पर गुलदार का हमला

रामनगर। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत पतरामपुर रेंज में गुलदार ने देर शाम खेत से लौट रहे पंकज कुमार पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को वन विभाग की टीम ने तत्काल जसपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। घटना के दौरान पंकज कुमार अपने खेत से बाइक पर घर लौट रहे थे। बूढ़ा फार्म के पास अचानक झाड़ियों से निकलकर गुलदार ने उन पर हमला कर दिया और पैर अपने जबड़ों में जकड़ लिया। युवक ने शोर मचाया और बाइक की रफ्तार बढ़ा दी, जिससे गुलदार उसे छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद युवक ने खेत मालिक को सूचना दी, जिन्होंने तुरंत वन विभाग को



जानकारी दी। घायल युवक ने बताया कि हमला अचानक हुआ और यदि वह शोर नहीं मचाता या बाइक तेज नहीं करता तो उसकी जान पर खतरा हो सकता था। पिछले छह महीनों में क्षेत्र में दर्जन भर से अधिक लोगों पर गुलदार के हमले हो चुके हैं, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। लोग खेतों में जाने से कतरा रहे हैं और कई इलाकों में शाम होते ही सन्नाटा छा जाता है। वन विभाग के डीएफओ ने बताया कि क्षेत्र में गुलदार की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। कैमरा ट्रैप लगाए जा रहे हैं और गश्त तेज कर दी गई है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अकेले खेतों में न जाएं, रात के समय बाहर निकलने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना वन विभाग को दें।

# नंधौर नदी में पांचों गेटों पर खनन हुआ प्रारम्भ

हल्द्वानी/चोरगलिया (उद संवाददाता)।अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ नंधौर नदी के पांचों गेटों पर खनन निकासी की आवश्यक व्यवस्थाओं का लिया जायजा। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अगुवाई में खनन, राजस्व, वन एवं सिचाई महकमे के अधिकारियों के साथ पांचों गेटों का स्थलीय निरीक्षण किया। वर्तमान में पांचो गेटों से नदी से खनन निकासी का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। अपर जिलाधिकारी ने निकासी गेटों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निकासी गेटों पर वन विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने खनन में लगे वाहन स्वामियों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में नियमानुसार खनन का कार्य करें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने नंधौर नदी में सिचाई विभाग



द्वारा किये जा रहे बाढ सुरक्षा के कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी राहुल साह, जिला खान अधिकारी राजभर सिंह, अधिशासी अभियंता सिचाई दिनेश रावत,अनुभाग अधिकारी वन निगम मोहन सिंह महरा व उपखण्ड अधिकारी वन अमित जोशी आदि मौजूद थे।

# सांसद भट्ट ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

## हल्द्वानी से दिल्ली 300 किमी का एक्सप्रेस वे बनाने की मांग

नई दिल्ली/हल्द्वानी(उद संवाददाता)।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते हुए हल्द्वानी-गदरपुर-मुरादाबाद / रामपुर-संभल / चन्दौसी-गंगा एक्सप्रेस-वे अनुपशहर-खुर्जा-जेवर से दिल्ली (अनुमानित लम्बाई 300 कि0मी0) तक एक्सप्रेस-वे बनाए जाने की मांग की। श्री भट्ट ने केंद्रीय परिवहन मंत्री को पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया कि उनके भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता द्वारा हल्द्वानी से दिल्ली तक एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य किये जाने का निवेदन किया है, जो जनहित में अति आवश्यक है। उन्होंने कहा है कि यह भी अवगत कराना है कि देहरादून से दिल्ली तक का एक्सप्रेस-वे सड़क मार्ग बहुत ही अच्छा और आरामदायक है, जिससे लोगों को आवागमन में काफी लाभ हो रहा है। इस मार्ग के निर्माण से लोगों को देहरादून से दिल्ली तक जाने में 2:00 से 2:30 घण्टे में पहुँचने में मदद मिल रही है। इसी तरह से हल्द्वानी से दिल्ली तक एक्सप्रेस-वे सड़क मार्ग का निर्माण किया जाना भी जनहित में अति आवश्यक है, जिससे जनपद ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, पिथौरागढ, चम्पावत, बागेश्वर एवं अल्मोडा तथा उत्तर प्रदेशसे कई जिलों को भी इसका लाभ मिलेगा। उक्त एक्सप्रेस-वे सड़क मार्ग के निर्माण होने से लगने वाला समय कम होगा और लोगों को दिल्ली तक पहुँचने में आसानी होगी तथा आर्थिक विकास में भी योगदान होगा और लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेगें। सुरक्षा की दृष्टि से दुर्घटनाओं की सम्भावना भी कम होगी। वर्तमान में उत्तराखण्ड की भौतिक स्थिति के कारण कुछ स्थल ही ऐसे है, जहाँ औद्योगिक विकास हो सकता है। इन परियोजनओं के निर्माण से उत्तराखण्ड के तराई क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को एक



नई राह मिलेगी। यह परियोजना गदरपुर, बाजपुर, रूद्रपुर से दिल्ली, गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर की बीच आवागमन के समय को कम करेगी तथा इन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। इस परियोजना के बनने से उत्तराखण्ड की दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे से भी कनेक्टिविटी हो जाएगी। इसके अतिरिक्त इस परियोजना के साथ औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक पार्क भी बनाये जा सकते है। श्री भट्ट ने अवगत कराया कि इसी तरह काठगोदाम-नेपाल एशियन हाईवे के निर्माण से काठगोदाम-चोरगलिया-बनबसा-टनकपुर (अनुमानित लम्बाई 100 कि0मी0) तक आवागमन हेतु समय की बचत करेगी तथा कुमायूं क्षेत्र में पर्यटकों को बढावा मिलेगा। श्री भट्ट ने बताया कि यह परियोजना कुमायूं के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि नैनीताल, भीमताल की ओर अवागमन के लिए समय की बचत करेगा तथा आदि कैलाश, कौसानी, महावतार बाबा जी की गुफा (पाण्डुखोली (द्वाराहाट)), रानीखेत, सूर्य मन्दिर कटारमल, अल्मोड़ा, कसारदेवी, चितई गोलू देवता मंदिर, जागेश्वर मंदिर, धारचूला, मुनस्यारी, डीडीहाट, हाटकालिका, पिंडारी ग्लेशियर, बागेश्वर, आदि कैलाश, गुंजी, कुटी, कालापानी, नाभीढांग, ज्योलींगकोंग, पार्वती सरोवर एवं कैलाश मानसरोवर, पिथौरागढ़ में दो प्रमुख घाटिया 1-व्यास घाटी, 2-दर्मा घाटी आदि जाने वाले धार्मिक पर्यटकों के लिये भी बहुत ही समय बचाने वाला मार्ग होगा। इसके अतिरिक्त यह परियोजना नेपाल सीमा की ओर माँ पूर्णागिरी मन्दिर, नानक सागर, जिमकॉर्बेट आदि शहरो की ओर जाने वालें यात्रियों के लिए एक सरल मार्ग, सुगम यात्रा एवं समय की बचत करेगा। वन/वन्यजीव क्षेत्र को देखते हुए दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजना के निर्माण हेतु विचार किया जा सकता है। हल्द्वानी-नैनीताल को नेपाल सीमा पर बनबसा में बन रही आई0सी0पी0 से जोड़ने से पर्यटन एवं औद्योगिक विकास होगा। इसके अतिरिक्त यह परियोजना प्राकृतिक एवं आपातकालीन स्थितियों के लिए बहुत अच्छा विकल्प होगा। यह परियोजना एशियन हाईवे /एक्सप्रेस-वे के नाम से भी सम्बोधित की जा सकती है। श्री भट्ट ने कहा कि इसलिए जनहित में उपरोक्त परियोजना के निर्माण किया जाना बेहद आवश्यक हो गया है।

## ऐतिहासिक होगी वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली: आर्य

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस की प्रस्तावित 14 दिसंबर दिल्ली महारैली को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। इसी सिलसिले में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र सिंह लाड़ी ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर आयोजन की रूपरेखा और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी बात रखी। दोनों नेताओं ने दावा किया कि यह रैली ऐतिहासिक रूप लेगी और ऊधमसिंह नगर जिले से हजारों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर राहुल गांध ी के नेतृत्व को मजबूत संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे के साथ दिल्ली कूच करेंगे। रामपुर रोड स्थित एक होटल में हुई प्रेसवार्ता में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर संविधान के विरुद्ध कार्य करने, चुनाव आयोग के साथ गठजोड़ कर मतदाता सूची में हेरफेर कराने का आरोप लगाया। आर्य ने कहा कि कई राज्यों में भाजपा ने ष्मतदाता सूची में गड़बड़ीष के जरिए सत्ता हासिल की है। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि वहां 64 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जबकि केवल 24 हजार नए नाम जोड़े गए। उनके अनुसार कांग्रेस के आंतरिक सर्वे में कई क्षेत्रों में ऐसे घर मिले हैं जहाँ 50 से 200 तक मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जबकि दलित और पिछड़े वर्ग के अनेक मतदाताओं के नाम सूची से बाहर कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड से दिल्ली रैली के लिए 50 बसें और करीब 250 छोटी गाड़ियाँ रवाना होंगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र की नीतियों और ष्लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमलेष के खिलाफ यह रैली जन-आक्रोश का बड़ा रूप दिखाएगी। प्रेसवार्ता में उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक आदेश चौहान, हिमांशु गाबा, अलका पाल, राहुल सेमवाल, ममता रानी, मीना शर्मा, गणेश उपाध्याय, प्रेमानंद महाजन, अरुण शुक्ला किन्नू, संदीप चीमा, चंदन नयाल, योगेश चौहान, नारायण सिंह बिष्ट सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



## बुजुर्ग ने रिवॉल्वर से खुद को मारी गोली, मौत

रामनगर। ग्राम उमेदपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 78 वर्षीय बुजुर्ग रक्सपाल सिंह पूरेवाल ने कथित रूप से अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुए हादसे से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, मृतक रक्सपाल सिंह अपनी पत्नी के साथ उमेदपुर स्थित आवास में रहते थे। उनके दो बेटे विदेश में रहते हैं- एक कनाडा और दूसरा अमेरिका में। घर की देखरेख के लिए एक युवक सुभाष उनके यहां कार्यरत था। घटना के समय सुभाष घर के आंगन में पेड़ की लोपिंग कर रहा था और पास ही मृतक की पत्नी बैठी थीं। तभी अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। सुभाष तुरंत घर के अंदर पहुंचा, जहां उसने रक्सपाल सिंह को खून से लथपथ अवस्था में देखा। उसने तुरंत शोर मचाया और पड़ोसियों को बुलाया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि सुबह सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्राथमिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। उन्होंने कहा कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पड़ोसी परमजोत सिंह के मुताबिक, रक्सपाल सिंह पिछले कुछ समय से डिप्रेशन की दवाएं ले रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से आत्मघाती कदम उठाया।पुलिस आत्म हत्या के वास्तविक कारण का पता लगाने में जुटी है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही घटना की वजह स्पष्ट हो सकेगी।





## ड्यूटी दे रहे चौकी इंचार्ज को स्कार्पियो वाहन ने मारी टक्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र में चेकिंग ड्यूटी पर तैनात चौकी इंचार्ज अनिल कुमार को तेज गति से जाते अनियंत्रित स्कार्पियो वाहन चालक ने जोर से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हादसे के समय चौकी इंचार्ज सड़क किनारे वाहनों की जांच कर रहे थे। पुलिस ने नशे की हालत में वाहन चलाते चालक को वाहन सहित अपनी हिरासत में ले लिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कार्पियो वाहन संख्या यूके 04 एके 9211 का चालक रक्षित हर्बोला नशे की हालत में वाहन चला रहा था। चौकिंग कर रहे चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने जब उसे वाहन रोकने के लिए इशारा किया तो चालक ने उन्हें जोर से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मौजूद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया।चालक को वाहन सहित हिरासत में लेकर पुलिस ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। साथ ही घायल चौकी इंचार्ज अनिल कुमार को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर दी है।

## फार्मेसिस अधिकारियों को दिया एकीकृत रोग निगरानी का प्रशिक्षण

रुद्रपुर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डा. के.के. अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को जनपद के समस्त फार्मासिस अधि कारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम द्वारा समस्त संचारी रोगों की निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही की जाती है। जिस हेतु संचारी रोग होने की स्थिति में समय से जनपद स्तर पर सूचना प्राप्त होना अति आवश्यक है तथा ब्लॉक की समस्त आशाओं को अवगत कराया जाये कि गाँव में यदि किसी भी सदस्य को संचारी रोग जैसे डायरिया, बुखार, टाईफाईड आदि होता



है तो यथाशिघ्र उसकी सूचना जनपद सर्विलॉस युनिट को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि उक्त संक्रमक को रोकने हेतु आवश्यक दवाईयों जैसे ओ.आर.एस. आदि पर्याप्त मात्रा में अपने पास रखे। प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक चाँद मियाँ तथा तौफीक अहमद, डाटा मैनेजर द्वारा संचार रोगों की आई.एच.आई.पी. पोर्टल में रिर्पोटिंग की विस्तृत से जानकारी प्रदान की गयी तथा डा. संतोष पाण्डेय, एपिडिमियोलॉजिस्ट द्वारा उपस्थित समस्त फार्मासिस्ट अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि किसी भी स्तर से संचारी रोग की सूचना प्राप्त होने पर यथाशीघ्र उसकी सूचना आई.एच.आई.पी. पोर्टल के पी. फार्म पर अंकित की जाये। जिससे समय से उक्त बीमारी का सर्विलॉस व इलाज किया जा सके तथा उक्त की सूचना जिला सर्विलॉस युनिट को भी सूचना प्रेषित की जाये। प्रशिक्षण में डा. हरेन्द्र मलिक, हिमांशु मस्युनी, राजीव वर्मा, दीपा कश्यप, पी.एस. राणा,हरिप्रसाद, संतोष श्रीवास्तव, त्रिलोक सिंह, मनोज कुमार आदि थे।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया

किच्छा। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा आज अंबेडकर पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विध ायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला



ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने ज्ञान, संघर्ष और दूरदर्शिता से भारतीय समाज को नई दिशा दी। उन्होंने हमें समानता, न्याय और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। हम सभी का दायित्व है कि उनके विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धाराएँ पहुंचाने का कार्य करें।कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, पिंकी डिमरी, संदीप अरोरा, जितेंद्र गौतम, मुकेश कोली, नितिन चरन वाल्मीकि, विनोद कोली, देवेंद्र शर्मा, विवेक चरन, प्रमोद गौतम, लक्ष्मी डिमरी समेत समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बीएलओ पर बोझ

देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया इस समय एक गंभीर बहस का विषय बनी हुई है। इस प्रक्रिया में सबसे अधिक दबाव बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) पर पड़ रहा है, जो पहले से ही अपनी नियमित जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अत्यधिक कार्यभार से जूझ रहे हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्देशख्रराज्य सरकारों को अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती करने के आदेश इन अधिकारियों के लिए राहत की उम्मीद जगाता है बीएलओ न केवल पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं, बल्कि अपनी नियमित प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कर रहे हैं। परिणामस्वरूप कई बार उन्हें लंबे समय तक अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है, जिससे मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ रहा है। आए दिन अधिकारियों की मौत, आत्महत्या, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ या नौकरी छोड़ने की खबरें इस व्यवस्था की कमियों को उजागर करती रही हैं। इसके बावजूद न निर्वाचन आयोग और न ही राज्य सरकारें समय रहते कोई प्रभावी कदम उठा पाईं। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि जब चुनाव प्रक्रिया की प्राथमिक जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है, तो अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती या समय सीमा बढ़ाने जैसे कदम आयोग और राज्य सरकारों ने स्वेच्छा से क्यों नहीं उठाए? पुनरीक्षण प्रक्रिया की जल्दबाजी और निर्धारित समय सीमा का अत्यधिक संकुचित होना व्यावहारिक चुनौतियों को जन्म देता है। कई राज्य और राजनीतिक दल समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे थे, लेकिन आयोग ने केवल एक सप्ताह का विस्तार देकर इसे सीमित ही रखा। यदि आयोग वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए पहले ही पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित कर देता, तो शायद सर्वोच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। निर्वाचन आयोग की ओर से इस प्रक्रिया को तय समय में निपटाने की जल्दबाजी कई सवाल खड़े करती है। मतदाता सूची का सटीक और पारदर्शी होना लोकतंत्र की मूलभूत शर्त है, और यह तभी संभव है जब पुनरीक्षण प्रक्रिया पर्याप्त समय और संसाधनों के साथ पूरी की जाए। अत्यधिक कम समय में व्यापक और त्रुटिरहित पुनरीक्षण करना न केवल चुनौतीपूर्ण है बल्कि कई मामलों में त्रुटियों की संभावनाएँ भी बढ़ा देता है। राज्यों पर प्रशासनिक दबाव पहले से ही काफी रहता है, ऐसे में अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था करना आसान नहीं होगा। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रक्रिया है। इसकी सफलता केवल निर्धारित समय सीमा पर निर्भर नहीं करती, बल्कि पारदर्शिता, सटीकता और मानवीय संसाधनों की समुचित उपलब्धता पर भी निर्भर करती है। सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है, लेकिन यह आयोग और राज्य सरकारों के लिए भी एक चेतावनी है कि भविष्य में ऐसी स्थिति न आए।

# किच्छा में विकास प्राधिकरण की कार्यवाहियों पर रोक की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। देवभूमि व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात कर किच्छा विधानसभा क्षेत्र में विकास प्राधिकरण और अन्य विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर गंभीर आपत्ति जताई। उन्होंने सांसद को ज्ञापन सौंपकर इन कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से रोकने और जनहित को प्राथमिकता देने की मांग की। विजय अरोड़ा ने स्पष्ट कहा कि विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे कदमों से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। उन्होंने कहा कि बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं पर रोक लगाना संविधान में नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उनका कहना था कि मूलभूत सुविधाएं किसी भी नागरिक की बुनियादी जरूरत हैं। इन पर रोक लगाना संविधान के विरुद्ध है और इससे जनता का सरकार से विश्वास उठने लगता है। यह न तो सरकार के हित में है और न ही प्रशासन के। अरोड़ा ने मांग की कि विकास प्राधि



करण अपने नियमों को लागू करते समय जनता को विश्वास में ले। क्षेत्र में अचानक और कठोर कार्रवाई से लोगों के बीच गहरा रोष और असंतोष पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण को नक्शा पास कराने के लिए 'सिंगल विंडो सिस्टम' शुरू करना चाहिए, जहां आवेदन की पूरी प्रक्रिया समय-सीमा में पूर्ण हो सके, ताकि जनता को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि क्षेत्र में कई पुराने प्रकरण ऐसे हैं, जिन पर नए नियम लागू करना संभव नहीं है। उन्होंने मांग की कि पुराने मामलों को नई कार्रवाई में शामिल न किया जाए, क्योंकि इससे आमजन पर अनावश्यक दबाव बढ़ता है। इस दौरान अरोड़ा ने सांसद अजय भट्ट को अवगत कराया कि विकास प्राधिकरण की कार्रवाई के साथ ही अन्य विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही का भी जनता पर व्यापक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्रवाई से पहले आमजन को विश्वास में लेना शासन-प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। सांसद अजय भट्ट ने पूरे मुद्दे का संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि वे संबंधित विभागों से वार्ता कर संपूर्ण प्रकरण की जांच करवाएंगे और ऐसा समाधान निकालेंगे जो सभी पक्षों के लिए स्वीकार्य हो और जनहित के अनुरूप हो। मुलाकात के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव खन्ना, अधिवक्ता पुरन भट्ट और सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता भी मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बिन्दुखेड़ा में बुधवार शाम एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई, जिसमें गांव के ही युवक ने एक बुजुर्ग पर लोहे के डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमला इतना भीषण था कि बुजुर्ग का पैर टूट गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिन्दुखेड़ा निवासी रंजीत सिंह अपने जानवरों को चुगाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव का ही बिट्टू सिंह पुत्र नानक सिंह अपनी बुलेट बाइक पर साइलेंसर में पटाखे मारता हुआ वहां पहुंचा। रास्ता संकरा होने के कारण उसने रंजीत सिंह पर गाली-गलौज शुरू कर दी और जानवर हटाने को कहा। आरोप है कि उसने धमकी देते हुए कहा कि अगर जानवर नहीं हटाए तो उन्हें बाइक से उड़ा देगा। घटनास्थल पर अचानक सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली आने पर रंजीत सिंह रास्ता पूरी तरह नहीं खाली कर पाए। इससे बिट्टू सिंह भड़क गया और बाइक रोककर मोटे डंडे से बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। हमले में रंजीत सिंह का दाहिना पैर टूट गया और वह बेहोश होकर गिर पड़े। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद बिट्टू सिंह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। परिजनों को सूचना मिलने पर घायल रंजीत सिंह को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायल के पुत्र सुरेंद्र सिंह ने कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सीएम ने दी शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस' के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन राष्ट्र के सजग प्रहरियों के अविस्मरणीय बलिदानों और सेवाओं को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। अदम्य साहस, पराक्रम एवं देश की रक्षा हेतु प्राणों की आहुति देने वाले तथा विषम परिस्थितियों में आम नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले हमारे वीर सैनिकों पर भारत के प्रत्येक नागरिक को गर्व है।

# डीएम ने की निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स की समीक्षा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अपने कैम्प कार्यालय में किच्छा में निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता, सीपीडब्ल्यूडी को त्वरित गति से कार्य में सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेटेलाइट एम्स प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे कुमाऊँ क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में एक बड़ा बदलाव लाने वाला संस्थान होगा, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एम्स परिसर का संपूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा मई 2026 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता को अपने स्तर पर दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन उपजिलाधिकारी किच्छा को प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करें और प्रत्येक मंगलवार को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कार्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रगति की नियमित निगरानी से कार्य में तेजी आएगी और बाधाओं का त्वरित समाधान संभव होगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन नर्सिंग हॉस्टल के कार्य की धीमी गति पर भी असंतोष व्यक्त किया और इसे तत्काल तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एम्स का संचालन सुचारू रूप से प्रारंभ करने के लिए नर्सिंग हॉस्टल एवं अन्य सहायक भवनों का समय पर पूरा होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य भवन के निर्माण कार्य पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सीपीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए तथा मुख्य बिल्डिंग में तीन शिफ्टों में कार्य कराया जाए, जिससे निर्माण कार्य में अपेक्षित गति लाई जा सके। उन्होंने कहा कि पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध होने से कार्य में तेजी आएगी और लक्ष्य समय पर प्राप्त किए जा सकेंगे। अंत में जिलाधिकारी भदौरिया ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना की महत्ता को देखते हुए समन्वय, नियमित साइट निरीक्षण, और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि किच्छा में निर्माणाधीन सेटेलाइट एम्स को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर जनता को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उपजिलाधिकारी गौरव पाण्डे, अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड रुद्रपुर भरत सिंह डांगी, अधिशासी अभियंता सीपीडब्ल्यूडी राजवेद, सहायक अभियंता सीपी डब्ल्यूडी राकेश पटेल, जीएम नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी शंकर भोल्लू आदि उपस्थित रहे।

# वीर सपूतों की याद में मनाया झण्डा दिवस

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सशस्त्र झण्डा दिवस मानाया गया। सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को प्रतीक झंडा लगाया। जिलाधिकारी ने कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस, राष्ट्र की सुरक्षा, अखण्डता और सार्वभौमिकता और हमारे आज के लिए अपना कल न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। साथ ही विषम परिस्थितियों में सीमाओं पर तैनात सैनिकों का मनोवल ऊँचा करने और शहीद सैनिकों के आश्रितो व अपंग सैनिकों को विश्वास दिलाया जाता है कि राष्ट्र आपके साथ है। इस अवसर पर जो भी धनराशि जमा होती है उसे शहीद के आश्रितों व अपंग सैनिकों के कल्याणार्थ हेतु उपयोग में लाया जाता है। इस पावन पर्व / अवसर पर आज कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (से0नि0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को प्रतीक झण्डा लगाया।



# पीलीभीत में पत्रकार प्रेस परिषद के सम्मेलन में पत्रकार हितों पर मंथन

## बुद्धसेन कश्यप बने प्रदेश उपाध्यक्ष, जगमोहन जिला अध्यक्ष बने

पीलीभीत। जिले के बरा क्षेत्र में स्थित पत्रकार प्रेस परिषद के कार्यालय प्रांगण में संगठन का पहला जिला स्तरीय सम्मेलन बड़े उत्साह के साथ आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तराखंड अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने की। जिले भर से पहुंचे पत्रकारों ने न केवल संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया, बल्कि वर्तमान समय की पत्रकारिता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर भी व्यापक विमर्श किया। राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य आमजन, विशेषकर समाज के गरीब, शोषित और उपेक्षित वर्ग की आवाज बनना है। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता पर अनेक चुनौतियाँ हैं, इसलिए आवश्यक है कि सभी पत्रकार एकजुट होकर सशक्त संगठन के माध्यम से अपनी ताकत और गरिमा को सुरक्षित रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पत्रकार प्रेस परिषद आने वाले समय में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर निर्णायक संघर्ष करेगी। अशोक गुलाटी ने आगामी दो





दिवसीय महाधिवेशन का भी उल्लेख किया, जो बुलंदशहर या नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इसमें देशभर से एक हजार से अधिक पत्रकारों के शामिल होने की संभावना है और मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अधिवेशन में पत्रकारों के उत्पीड़न, लघु समाचार पत्रों की आर्थिक चुनौतियों और फर्जी पत्रकारिता पर रोक लगाने जैसे गंभीर मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। अशोक गुलाटी ने बताया कि संगठन द्वारा पत्रकारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जा रही हैं और पहली बार परिषद के सदस्यों के चारपहिया वाहनों को टोल फ्री किए जाने की प्रक्रिया भी आरंभ हो चुकी है। फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि परिषद शीघ्र ही केंद्र एवं राज्य सरकारों से इसके विरुद्ध कठोर कानून की मांग करेगी। सम्मेलन में नई जिम्मेदारियों का भी वितरण किया गया। बुद्धसेन कश्यप को प्रदेश उपाध्यक्ष, जगमोहन को जिला अध्यक्ष, अमन कुमार को नगर अध्यक्ष और नदीम हुसैन को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व सौंपा गया। साथ ही अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी उनकी योग्यता और कार्यक्षमता के आधार पर दायित्व प्रदान किए गए ताकि संगठन की संरचना और अधिक मजबूत हो सके। प्रदेश नेतृत्व ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कार्यकारिणी गठित कर ली जाए। सम्मेलन में पत्रकारों की सुरक्षा, मीडिया की स्वतंत्रता, सरकारी दबाव, ग्रामीण क्षेत्रों की पत्रकारिता की चुनौतियां और डिजिटल मीडिया के नियमन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। सभी पत्रकारों ने एकस्वर में कहा कि एक मजबूत संगठन ही पत्रकारिता के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। इस अवसर पर उत्तराखंड सचिव उर्व दत्त भट्ट, नितेश अग्रवाल, राजू सक्सेना, अनिल कुमार वर्मा, सुमित राठौर, योगेश रावत, पीतांबर बाबू, सितंबर बाबू, शौकीन खान, रामचंद्र सक्सेना सहित बड़ी संख्या में जिले के पत्रकार मौजूद रहे।

# सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ निरंतर सुचारू रहें : सीएम





## सीएम ने की बागेश्वर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा, ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया

बागेश्वर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कलेक्ट्रेट सभागार बागेश्वर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, पीएमजीएसवाई, जल संस्थान, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि एवं उद्यान-की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाएँ निरंतर सुचारू रहें और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बागेश्वर में पर्यटन, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर और कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों के विकास की अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने साहसिक पर्यटन के नए स्थलों की पहचान करने और विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और हेली सेवाओं के विस्तार पर तेजी से कार्य हो रहा है, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। कृषि एवं उद्यान विभाग को लाल चावल, अदरक, हल्दी जैसी स्थानीय फसलों के लिए मजबूत बाजार उपलब्ध कराने, शहद उत्पादन को मिशन मोड में बढ़ाने तथा एप्पल-कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों को आधुनिक तकनीक व मार्केट लिंक से जोड़ने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को जागरूकता शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब पेंशन राशि प्रत्येक माह की 05 तारीख को समय पर खातों में भेजी जा रही है, जबकि पहले इसमें तीन माह तक लग जाते थे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे सहित सभी विभागाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री को जनपद में संचालित प्रमुख विकास योजनाओं, उपलब्धियों एवं प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे खिलाड़ी प्रदेश का गौरव बढ़ाते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस दौरान विधायक सुरेश गढ़िया एवं पार्वती दास तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।





## होमस्टे ,कीवी एवं एप्पल मिशन योजनाएँ रोजगार व स्वरोजगार सृजन में बड़ी भूमिका निभा रही : धामी

गरूड़। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के प्रथम दिन गरुड़ बैजनाथ में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों, राज्य आंदोलनकारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा विभिन्न एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों से विस्तृत विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के सुझावों को राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आश्वस्त किया कि इन्हें आगामी योजनाओं और नीतियों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठन और एसोसिएशन समाज को नई दिशा देने वाले हैं और सरकार व जनता के बीच सशक्त सेतु का कार्य कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार निरंतर रोजगार सृजन पर कार्य कर रही है। एसएचजी की पहल की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में लाखों बहनें 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और उनके उत्पादों की मांग देश-विदेश में बढ़ रही है। उन्होंने मातृशक्ति द्वारा विपरीत परिस्थितियों में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने एप्पल मिशन में सब्सिडी, होमस्टे योजना, कीवी एवं एप्पल मिशन की प्रगति को संतोषजनक बताते हुए कहा कि ये योजनाएँ रोजगार व स्वरोजगार सृजन में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक जनपद के प्रमुख स्थान हेली सेवा से जोड़े जाएँ तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाया जाए। इकोलॉजीख्रइकोनॉमीख्र टेक्नोलॉजी के समन्वय को उन्होंने राज्य के विकास की गति बढ़ाने का आधार बताया और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला दशक उत्तराखण्ड का होगा, जिसमें मातृशक्ति की भूमिका निर्णायक रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड की वेशभूषा और संस्कृति को निरंतर वैश्विक मंच पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। मानसखंडख्रकेदारखंड सहित सभी धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार से राज्य में पर्यटन के नए आयाम स्थापित हुए हैं।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यटक आवास गृह बैजनाथ में आयोजित मंथन एवं संवाद कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेश विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तीव्र गति से कार्य कर रहा है।इस दौरान विधायक श्री सुरेश गड़िया एवं श्रीमती पार्वती दास, डीएम आकांक्षा कौंडे तथा समस्त जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**अवैध कब्जों के खिलाफ...**कि चार बिंदुओं पर सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासनिक कारवाई की गई है। एडीएम ने बताया कि मदरसा सोसाइटी के नाम आवंटित 2.53 एकड़ भूमि के अतिरिक्त लगभग 8 एकड़ सरकारी भूमि/नजूल भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था उन्होंने बताया कि आवंटित भूमि की नाप जोखर करते हुए अतिरिक्त भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए 14.11.2025 को राजस्व, नगर निगम, डीडीए और पुलिस विभाग द्वारा सर्वेक्षण प्रारंभ किया गया था। सर्वेक्षण के बाद सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया गया है। श्री उपाध्याय ने बताया कि अतिरिक्त भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए हाई कोर्ट का भी आदेश है। उक्त भूमि के पास ही चामुंडा देवी मंदिर के कब्जे वाली 1.5 एकड़ भूमि पर भी कब्जा प्राप्त किया जाना है। डीएम नितिन भदौरिया ने बताया कि सरकार के आदेशों के क्रम ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त किए जाने का अभियान तेज किया गया है। अभियान में साथ लगे एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि खेड़ा क्षेत्र यूपी से लगा हुआ है और यहां आसपास मुस्लिम बस्तियां अवैध रूप से बसाने के षडयंत्र किए जा रहे थे और ये क्षेत्र अपराधियों की शरण स्थली भी बनता जा रहा था। अभियान के दौरान मौके पर मीडिया कर्मियों को जाने की अनुमति नहीं दी गयी। दोपहर को अभियान का महापौर विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लैंड जिहाद बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पूरे प्रदेश में धामी सरकार द्वारा लैंड जिहाद के खिलाफ चलाई गयी मुहिम के तहत यह कार्रवाई की गयी है।

**रामनगर में वन भूमि से ...**से लोग अवैध खेती कर रहे थे। वन विभाग ने पहले भी इन कब्जों को चिह्नित किया था, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। कुछ वर्ष पहले तराई पश्चिमी वन प्रभाग ने रामनगर नगर पालिका को कूड़ा निस्तारण (ट्रेंचिंग ग्राउंड) के लिए लगभग एक हेक्टेयर भूमि दी थी। इसके बदले नगर पालिका ने वन विभाग को करीब एक करोड़ रुपये भी प्रदान किए थे। लेकिन यह भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पाई थी। स्थिति को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल, वन विभाग की एसडीओ किरण शाह, राजस्व विभाग, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले व्यापक सर्वे किया। ड्रोन कैमरों के जरिए अवैध कब्जों की पहचान की गई। रविवार को प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुल 52 अवैध स्ट्रक्चर ध्वस्त कर दिये गये। कार्रवाई के दौरान कई परिवारों के रोते-बिलखते हालात ने माहौल को भावुक कर दिया, लेकिन पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कार्यवाही की कमान संभाल रहे एडीएम विवेक राय ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित लोगों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे और अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया था। सुनवाई के बाद ही निष्कासन का आदेश लागू किया गया। एडीएम ने बताया कि अभियान को सुव्यवस्थित करने के लिए पूरे क्षेत्र को नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट और कार्यपालक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई, जबकि संपूर्ण सुरक्षा प्रबंधन के लिए एक सुपर जोन बनाया गया। एडीएम स्तर के अधिकारी को पूरे अभियान की लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। भारी पुलिस बल की तैनाती के चलते कहीं भी तनाव की स्थिति नहीं बनी। कई प्रभावित परिवारों ने कहा कि उन्होंने यह जमीन 2 से 3 लाख रुपये में एक डॉक्टर ताहिर और एक स्थानीय पत्रकार से खरीदी थी। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि वन विभाग के कुछ कर्मचारियों ने भी कथित तौर पर पैसे लेकर उन्हें आश्वासन दिया था। इन आरोपों पर एडीएम विवेक राय ने कहा कि अवैध रूप से जमीन बेचने वालों की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। तराई पश्चिमी के डीएफओ प्रकाश आर्य ने जानकारी दी कि अपर कोसी ब्लॉक क्षेत्र में कुल 170 परिवारों को बेदखली नोटिस दिए गए थे। इनमें से कई परिवार पहले ही स्वत: कब्जा छोड़ चुके हैं। कुछ मामलों पर न्यायालय में सुनवाई चल रही है, इसलिए उन पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि आज केवल उन्हीं 52 स्ट्रक्चरों को हटाया गया, जो पूर्णत: अवैध और निष्कासन आदेश के दायरे में थे। पूरे अभियान की ड्रोन कैमरों और वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी की गई, ताकि किसी भी स्थिति का वास्तविक रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। एसएसपी मंजूनाथ टी सी ने बताया कि रिजर्व फॉरेस्ट की जमीन पर बाहर से आए लोगों ने अवैध बसावट कर ली थी जिन्हें वन विभाग हटा रहा है।

## नये प्रतिष्ठान लाडली लेडीज सूट कलेक्शन का शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 6, आवास विकास निवासी मनीष कक्कड़ एवं रूभि कक्कड़ के नए प्रतिष्ठान लाडली लेडीज सूट कलेक्शन का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, नगर पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और



गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।उद्घाटन अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने प्रतिष्ठान स्वामियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहर में ऐसे नए व्यवसायिक प्रतिष्ठान आर्थिक गतिविधियों को गति देते हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गदरपुर व्यापार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे प्रयास इसकी पहचान को और मजबूती देते हैं। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश गुम्बर, सुनील कालड़ा, आकाश कोचर, कुनाल रस्तोगी, नेहा कालड़ा सहित अनेक सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। सभी ने कक्कड़ परिवार को नए व्यवसाय की सफलता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## भाजपाइयों ने फूंका हरक सिंह रावत का पुतला



नानकमत्ता। कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा सिखों पर की गई टिप्पणी को लेकर भाजपाइयों ने उनका पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज कराया। नगर के भाजपाई मुख्य चौराहे पर एकत्र हुए जहां उन्होंने पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत द्वारा एक प्रदर्शन के दौरान सिखों पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सिखों का अपमान किया है, 1984 के दंगे से लेकर अब तक कांग्रेस सिर्फ सिखों का इस्तेमाल कर रही है लेकिन उनके साथ कांग्रेस का व्यवहार बिल्कुल भी ठीक नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना ने कहा कि कांग्रेस के नेता हमारे सिख भाइयों के खिलाफ बोलकर उनका हमेशा अपमान करते रहते हैं जो की अपमान किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह मान, नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुलाटी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम नारायण राणा, सभासद विशाल गोयल, धर्म सिंह बिष्ट, रवि ग्रेवाल,सतपाल सिंह गोल्डी,रितेश गुप्ता, परमजीत सिंह, मलकीत सिंह, हरदेव सिंह आदि मौजूद थे।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल, बिलासपुर, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश से वर्ष 2021 में कक्षा 12 की संस्थागत उत्तीर्ण की मूल टी. सी. वास्तव में कहीं गुम हो गई है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

संजना गुप्ता पुत्री श्री जय प्रकाश गुप्ता,
निवासी, रम्पुरा, वार्ड न. 22, रूद्रपुर
( उधम सिंह नगर), उत्तराखंड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# खनस्यू में बदमाशों की फायरिंग से एसटीएफ जवान सहित दो घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तस्करी की सूचना पर कार्यवाही करने खनस्यू पहुंची एसटीएफ की टीम पर बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दी गई। अचानक हुई फायरिंग में स्थानीय व्यक्ति सहित एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी एक्शन मोड में आ गए और उन्होंने दल बल के साथ अस्पताल पहुंच घायल जवान व्यक्ति का हाल जाना तथा पुलिस टीम को बदमाश की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार शनिवार को तस्करी की सूचना पर कार्यवाही करने खनस्यू पहुंची एसटीएफ की टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी में एसटीएफ जवान भूपेंद्र मर्तोलिया समेत एक स्थानीय व्यक्ति घायल हो गया। घायल सिपाही भूपेंद्र मर्तोलिया को तत्काल कृष्णा अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी डॉ0 मंजुनाथ टी.सी. द्वारा तत्काल पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचकर घायल सिपाही का हालचाल जाना और पूरी घटना की विस्तृत जानकारी हासिल की।



# उप कारागार चिकित्सालय को सुमित ने दिया हाई टेक जनरेटर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्थित उप कारागार चिकित्सालय को विधायक निधि से प्राप्त हाई टेक जेनरेटर प्रदान किया। जिसका लोकार्पण विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। इस अत्याधुनिक जनरेटर के स्थापित होने से अब चिकित्सालय एवं कारागार परिसर में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संभव हो सकेगी। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कारागार जैसी संवेदनशील



संस्थाओं में विद्युत आपूर्ति का सुचारू रहना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक तकनीक से युक्त यह जनरेटर न केवल चिकित्सालय के संचालन में सहायक होगा, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य में भी जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती शोभा बिष्ट, अधीक्षक उप कारागार प्रमोद कुमार, पार्षद शैलेन्द्र सिंह दानू, डॉ. मयंक भट्ट सहित विभागीय अधिकारी एवं कारागार के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कारागार प्रशासन ने विधायक सुमित का आभार व्यक्त किया तथा जनहित में उनके निरंतर सहयोग की सराहना की।

# रजत जयंती पाक का किया भूमि पूजन

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। भूमि पूजन के साथ 74 लाख की लागत से बन रहे रजत जयंती पार्क का शुभारंभ हो गया । इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने विधिवत भूमि पूजन कर कार्य का शिलान्यास किया । शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा सहित तमाम भाजपाइयों ने हिस्सा लिया । बताते चलें राज्य अवस्थापना निधि से नगर के वार्ड एक मे 74 लाख की लागत से आधा एकड़ सरकारी भूमि पर रजत जयंती पार्क का निर्माण होना है । जिसके तहत शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष मंजीत कौर , भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष काबल सिंह की मौजूदगी में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर भूमि पूजन किया गया । इसके बाद कार्य का शिलान्यास किया गया । साथ ही कार्य को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ कर दिया गया । कार्यक्रम में सभासद रखाल मंडल , सविता बैरागी , विशंभर बिरागी , खड़क सिंह कार्की ,भोला शर्मा , सनजय सरकार , जगदीश सुखीजा , शैलेन्द्र प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह राणा , चंद्रशेखर , गोविंद सिंह , त्रिलोक सिंह , जग्गा विर्क , अनुज गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे ।



# विधायक ने किया हॉटमिक्स सड़क निर्माण का शुभारम्भ

## भूरारानी रोड-आरएएन स्कूल सिटी वन मोड़ तक होगा सड़क का निर्माण

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। भूरारानी रोड से आरएएन स्कूल होते हुए सिटी वन मोड़ तक बनने वाली एक किलोमीटर लंबी हॉटमिक्स सड़क का निर्माण कार्य शनिवार को विधिवत नारियल फोड़कर शुरू कर दिया गया। राज्य योजना के तहत स्वीकृत इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 23 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। शुभारम्भ के अवसर पर विधायक शिव अरोरा को स्थानीय नागरिकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।विधायक अरोरा ने बताया कि आरएएन स्कूल जाने वाला यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। यह सड़क न केवल स्कूल की बसों का मुख्य मार्ग है, बल्कि कई आवासीय कॉलोनियों को जोड़ने का महत्वपूर्ण



संपर्क मार्ग भी है। बीच-बीच में गड्ढों को भरकर अस्थायी सुधार किया गया था, लेकिन सड़क की स्थिति फिर खराब हो जाती थी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को दुरुस्त करने की मांग लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी और उनके द्वारा पूर्व में ही इसका प्रस्ताव भेज दिया गया था।विधायक ने कहा कि नई हॉटमिक्स सड़क बन जाने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात भी सुगम होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी क्षेत्र को विकास कार्यों से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। जो सड़कें अत्यधिक खराब स्थिति में हैं, उन्हें प्राथमिकता के आध ार पर बनाया जा रहा है। कई मार्गों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कई प्रस्तावित मार्गों पर जल्द काम शुरू होने वाला है।उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और आधारभूत ढांचे को मजबूत करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी इसी गति से विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी, भूपेश छिमवाल, आशू मिड्ढा, राज सिंह परगाई, सुभाष डोगरा, राजकुमार, राज दुबे, विकास गंगवार, अशोक बजाज, विकास सागर, रविंद्र ध ामी, मनोज मदान, डंपी चोपड़ा, संजय आर्य, मीना देवी, सरोज, आरती शर्मा, प्रेरणा देवी, सुलेखा, प्रीति, राखी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मंदिर में चोरी का खुलासा

गदरपुर। थाना गदरपुर पुलिस ने सिनेमा रोड स्थित दुर्गा मंदिर फेस-1 के शिव मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी के पूरे सामान सहित गिरफ्तार कर लिया है। 2 दिसंबर को सेवानिवृत्त प्राचार्य दिनेश चन्द्र पांडे द्वारा तांबे का कलश, बड़े-छोटे लोटे और पीतल की ज्योति चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उ0नि0 नरेश पंत को सौंपी गई थी।उपनिरीक्षक नरेश पंत ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए लगातार जमीनी कार्यवाही की, जिनकी मेहनत और सूझबूझ के कारण पुलिस समय रहते आरोपी तक पहुँचने में सफल हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई तेज की और 6 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर सुलेमान पुत्र चमन खां, निवासी इस्लामनगर, हाल निवासी भोला कॉलोनी को एक तांबे का बड़ा कलश, 5 बड़े तांबे के लोटे और 4 छोटे लोटे सहित गिरफ्तार किया। बरामद सामग्री चोरी की घटना से संबंधित पाई गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है तथा उसके आपराधिक इतिहास की जांच जारी है।













# नव प्रतिष्ठान गुरमुख सिंह फ्यूल स्टेशन का फीता काटकर शुभारंभ

गदरपुर । नव प्रतिष्ठान गुरमुख सिंह फ्यूल स्टेशन (इंडियन आयल) का शुभारंभ गुरबाणी पाठ ,कीर्तन एवं अरदास के उपरांत गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज के मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। गुरमुख सिंह फ्यूल स्टेशन के स्वामी गुरमुख सिंह गुंबर ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 74 बायपास पर रुद्रपुर से काशीपुर रोड पर महतोष पुलिस चौकी से 500 मीटर की दूरी पर उनके द्वारा नव प्रतिष्ठान गुरमुख सिंह फ्यूल स्टेशन स्थापित किया गया है । इससे पूर्व श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत रागी भाई खजान सिंह बिलासपुर वालों द्वारा मनोहर कीर्तन करके संगत को आनंदित किया। कार्यक्रम के समापन के उपरांत भाई ग्रंथी भाई गुरदेव सिंह द्वारा प्रतिष्ठान की सुख समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अरदास की गई । नवाबगंज स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज के मुख्य सेवादार बाबा



अनूप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करने के साथ बताया कि वर्तमान में संभ्रांत परिवारों द्वारा जगह-जगह पर नव प्रतिष्ठान खोलकर लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं ।इस मौके पर गुरमुख फ्यूल स्टेशन के स्वामी गुरमुख सिंह गुंबर ने कहा कि उनके प्रतिष्ठान पर पेट्रोल डीजल एवं अन्य उत्पाद मुनासिब कीमतों पर उपलब्ध रहेंगे उन्होंने सभी स्थानीय एवं अन्य लोगों से सेवा का मौका देने की अपील की है। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर और भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा द्वारा गुरमुख सिंह गुंबर को नव प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर महेंद्र सिंह, बलिहार सिंह, परविंदर सिंह बत्रा,अमरीक सिंह, दिलीप सिंह, नौनिहाल सिंह,राजेंद्र पाल सिंह राजू,इकबाल सिंह,जोगिंदर सिंह दलजीत सिंह,प्रिंस बत्रा,अवनीत सिंह,प्रभजोत सिंह,उज्जवल सिंह,बॉबी धामपुर,त्रिलोक सिंह, मंगा,शैलेंद्र शर्मा,करनैल सिंह, लक्की,पारस कुमार, प्रमोद कुमार त्रिपाठी,बलजीत सिंह चड्ढा,शिवम त्रिपाठी के अलावा शरणजीत कौर, तरनप्रीत कौर,परमजीत कौर,पल्लवी सहित तमाम संगत शामिल रही ।